Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : 2297 / M-8 / 52 दिनांक : 19/05/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः दिनांक 19.05.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पर प्रकाशित खबर की निस्तारण आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,


उपरोक्त विषयक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 19.05.2026 के अंक मे प्रकाशित खबर "कौशाम्बी के जमदुआ में पानी की समस्या : जल जीवन मिशन के बावजूद ग्रामीण हैंडपंप पर निर्भर" के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद कौशाम्बी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड– मंझनपुर के ग्राम– छिमिरिछा एवं जमदुआ में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु छिमिरिछा–जमदुआ पेयजल योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत में 01 नग नलकूप बोरिंग, 1 नग उच्च जलाशय, 14.934 किमी0 पाइप लाइन व 612 नग हाउस कनेक्शन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष नलकूप बोरिंग का कार्य पूर्ण है, उच्च जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत, 14.190 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 520 नग हाउस कनेक्शन का कार्य कराया जा चुका है। पेयजल योजना के नलकूप से सीधें पम्पिंग कर ग्राम–छिमिरिछा में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा ग्राम– जमदुआ में पाइप लाइन ज्वाइटिंग का कार्य प्रगति पर हैं। पाइप लाइन ज्वाइटिंग एवं उच्च जलाशय को शत्–प्रतिशत पूर्ण कराकर पूर्ण क्षमता पर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिसमें लगभग 03 माह का समय लगने की सम्भावना है। योजना के समस्त निर्माण कार्य 31.03.2027 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है, जिसे समयान्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेगें।


भवदीय
19/05/2026
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
4. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।


अधिशासी अभियन्ता

CamScanner


Time: 19-05-2026 13:15:00
Note: Gp- Chhimirchha jamdua ,block-Manjhanpur


Time: 19-05-2026 13:14:32
Note: Gp- Chhimirchha jamdua ,block-Manjhanpur


Time: 19-05-2026 14:06:18
Note: Gp- Chhimirchha jamdua ,block-Manjhanpur


Time: 19-05-2026 14:06:35
Note: Gp- Chhimirchha jamdua ,block-Manjhanpur

CamScanner